हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4
जिले की सभी समितियों में लगेगा विशेष शिविर



# सर्वर डाउन और लिमिट के फेर में उलझे अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- कोतबा धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था का आलम
- टोकन के लिए भटक रहे किसान

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को एक महापर्व माना जाता है, लेकिन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कोतबा में यह पर्व किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अव्यवस्था, तकनीकी खामियों और प्रशासनिक पेच में फंसकर क्षेत्र का किसान अपनी ही उपज बेचने के लिए सरकारी दफ्तरों और खरीदी केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर है।

कोतबा खरीदी केंद्र के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों की कतार और किसानों की भीड़ (जैसा कि तस्वीर में स्पष्ट है) यह बताने के लिए काफी है कि ⏭ शेष पेज 4 पर





**शनिवार का बैकलॉग, सोमवार तक अधूरा:** सिस्टम की लचर व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते 5 दिसंबर (शुक्रवार) को धान बेचने आए 18 किसानों की खरीदी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। सोमवार को दोपहर ढाई बजे तक कंप्यूटर ऑपरेटर और समिति कर्मचारी पुराने बैकलॉग को ही क्लियर करने की जद्दोजहद में लगे रहे। इस संबंध में जब कंप्यूटर ऑपरेटर से सवाल किया गया, तो उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए बताया कि, ्बार-बार नेटवर्क जाने और सॉफ्टवेयर के धीमे चलने की वजह से खरीदी अटकी हुई है। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन तकनीकी बाधाओं के कारण काम समय पर नहीं हो पा रहा है।

**2400 क्विंटल की 'लिमिट' बनी मुसीबत:** किसानों की सबसे बड़ी समस्या टोकन मिलने में हो रही देरी है। किसानों का आरोप है कि उन्हें धान बेचने के लिए बहुत लंबी तारीखें दी जा रही हैं, जिससे उनकी फसल खुले आसमान के नीचे खराब होने का डर है। जब किसानों ने लंबी वेटिंग लिस्ट पर सवाल उठाया, तो समिति की ओर से तर्क दिया गया कि शासन स्तर से प्रतिदिन केवल 2400 क्विंटल धान खरीदी की लिमिट (सीमा) तय की गई है। इस सीमित कोटे के कारण ही टोकन जारी करने में देरी हो रही है।

### दफ्तरों के चक्कर काटकर थक चुके हैं किसान

यह विडंबना ही है कि इस वर्ष की शुरुआत से ही किसान परेशान है। पहले गिरदावरी में गड़बड़ी, फिर फसल रकबा सुधार और अन्य तकनीकी त्रुटियों को सुधरवाने के लिए किसान महीनों तक दफ्तरों के चक्कर काटते रहे। अब जब फसल कटकर तैयार है और वे अपनी मेहनत का फल पाने समिति पहुंच रहे हैं, तो यहां भी उन्हें सर्वर और टोकन की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

### किसानों की मांग दोगुनी हो खरीदी की लिमिट

परेशान किसानों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि कोतबा जैसे बड़े केंद्र पर 2400 क्विंटल की लिमिट नाकाफी है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन इस लिमिट को बढ़ाकर दोगुना करे, ताकि अधिक से अधिक किसान समय पर अपना धान बेच सकें और उन्हें आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन अन्नदाताओं की इस जायज मांग पर कितनी जल्दी संज्ञान लेता है और नेटवर्क की समस्या का स्थायी समाधान कब तक हो पाता है।

### व्यवस्था बनाई जाएगी

किसान टोकन अपने हाथों काट सकतें हैं। मंडी प्रांगण पहुंचकर समस्या सुलझाने और लिमिट की जानकारी लेकर आवश्यक व्यवस्था बनाई जाएगी।

-ऋतुराज बिसेन, एसडीएम पत्थलगांव।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### सुरेंद्र बने साहू समाज के जिलाध्यक्ष



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में साहू समाज अपना संगठनात्मक सृजन में जुटा हुआ है। प्रदेश के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष सहित सभी पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन करने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। जशपुर के लिए पर्वेक्षक के रूप में रामकृपाल साहू सूरजपुर, केके गुप्ता सीतापुर, और लक्ष्मी गुप्ता अंबिकापुर उपस्थिति रहे। जशपुर जिले के बगीचा अहिनमाडा श्रीराम जानकी मंदिर में जिले के कुनकुरी, जशपुर, पत्थलगांव, बगीचा सहित सभी 8 ब्लॉक के समाज प्रमुख औऱ सदस्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। इस अवसर पर बगीचा उपाध्यक्ष पवन गुप्ता कुनकुरी महिला उपाध्यक्ष श्रीमती शशि साहू जशपुर संगठन सचिव नन्दा गुप्ता झिक्की, संगठन सचिव महिला लक्ष्मी देवी, पत्थलगांव महामंत्री मोहन साहू पत्थलगांव कोषाध्यक्ष प्रभु गुप्ता बगीचा बने।

### कृषक ले सकते हैं योजनाओं का लाभ



**जशपुरनगर।** मछली पालन विभाग अंतर्गत संचालित राज्य पोषित योजनाओं एवं प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समद्धि का लाभ पाने के लिए मत्स्य कृषकों का एनएफडीपी पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिसके लिये सीएससी के माध्यम से या स्वयं से एनएफडीपी पोर्टल पर समिति, समूह, व्यक्ति मछली पालन से जुड़े सदस्य वेबसाईट में पंजीयन करा सकते हैं। सीएससी के माध्यम से पंजीकृत होने पर सीएससी संचालकों को 20 रूपये एवं हितग्राहियों को 80 रूपये प्राप्त होंगे। पंजीयन के संबंध में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। एनएफडीपी पोर्टल में पंजीयन हेतु आधार लिंक मोबाईल नंबर एवं बैंक खाता होना आवश्यक है।

## ड्राइवरों से नहीं मिले वैध दस्तावेज

# छह पिकअप पकड़े, 3.49 लाख रुपए बरामद, 152 क्विंटल अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश में धान खरीदी शुरू होते ही अवैध परिवहन पर सक्रिय हुई जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड से छत्तीसगढ़ लाई जा रही 152 क्विंटल अवैध धान जब्त की है। यह धान 6 पिकअप वाहनों में भरकर जशपुर लाया जा रहा था, जिसे सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम जरिया-सिकटाटोली मार्ग पर नाकाबंदी कर पकड़ा। जब्त धान की अनुमानित कीमत 3 लाख 49 हजार 600 रुपए बताई गई है। मामले को अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंप दिया गया है।

पुलिस को 7 दिसंबर की रात करीब 1 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि झारखंड से कुछ वाहन भारी मात्रा में धान लेकर जशपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्रामीण मार्ग ⏭ शेष पेज 4 पर



### कांसाबेल क्षेत्र में तीन स्थानों से 1 हजार क्विंटल धान जब्त

जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान भंडारण, अवैध परिवहन तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व एवं खाद्य विभाग ने तहसील कांसाबेल क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 1,480 क्विंटल (3,700 बोरी) अवैध धान जप्त कर प्रशासनिक कब्जे में लिया गया। पहली कार्रवाई में ग्राम नारियलडांड में लालचंद के मकान में पंकज पैकरा द्वारा अवैध रूप से संचित 300 बोरी (120 क्विंटल) धान जप्त किया गया। धान की गिनती एवं सत्यापन के बाद इसे नियमानुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चेटबा के सुपुर्द किया गया।



दूसरी कार्रवाई में ग्राम चेटबा में राजस्व विभाग की टीम ने शेष कुमार साहू के फार्म हाउस में अवैध रूप से रखे गए 400 बोरी (160 क्विंटल) ⏭ शेष पेज 4 पर

### जब्त किए गए वाहन

पकड़े गए वाहनों में जेएच 07 एम 1257, सीजी 13 एभी 3667, जेएच 01 एफपी 6134, जेएच 07 एल 6611, जेएच 01 एफएफ 3141 एवं सीजी 13 एएन 1262 शामिल हैं।

### 380 बोरी में भरा था धान

तलाशी के दौरान अलग-अलग वाहनों से 70, 65, 60, 57, 65 और 63 बोरी कुल 380 बोरी में भरा 152 क्विंटल धान बरामद किया गया। वाहन चालकों से जब धान के वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई भी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके।

### पकड़े गए चालक

पुलिस के अनुसार पकड़े गए वाहन चालकों में दिनेश साय उम्र 23 वर्ष, ग्राम छोटा कुरंजा,विजय प्रजापति उम्र 28 वर्ष, ग्राम सन्ना,रूपेश कुमार उम्र 25 वर्ष, जशपुर,राकेश राम उम्र 31, पुराना नगर,सोनू कुमार उम्र 21 वर्ष, पुराना नगर, दिनेश भगत उम्र 23 वर्ष, ग्राम घोलेंग शामिल हैं। सभी के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# युवती से दुष्कर्म, सहायक पोस्ट मास्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



थाना तुमला क्षेत्रांतर्गत एक 35 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के गंभीर मामले में जशपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सहायक पोस्ट मास्टर सौरभ कुमार उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी मूलतः बिहार राज्य का निवासी है और वर्तमान में जशपुर जिले के एक पोस्ट ऑफिस में सहायक पोस्ट मास्टर के पद पर पदस्थ था। पीड़िता की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में अभियुक्त से उसकी पहचान हुई थी। उस समय पीड़िता छत्तीसगढ़ राज्य के एक जिले में जनपद पंचायत में तकनीकी सहायक ,सब इंजीनियर के रूप में कार्यरत थी। दिनांक 14 जनवरी 2025 को जब युवती छुट्टी पर अपने गृहग्राम तुमला आई हुई थी, उसी दौरान आरोपी उसे अपने किराए के मकान में ले गया और शादी का झांसा देकर उसके साथ अनाचार किया। इसके बाद जनवरी से जून 2025 तक जब-जब पीड़िता छुट्टी पर आती, आरोपी शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

### पीड़िता ने छोड़ी अपनी नौकरी

पीड़िता द्वारा जब शादी के लिए दबाव बनाया गया तो आरोपी ने नौकरी छोड़ने की शर्त रखी। आरोपी के झांसे में आकर युवती ने अपनी नौकरी तक छोड़ दी, इसके बावजूद आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया और उसके साथ गाली-गलौच भी करता रहा।

### आरोपी हिरासत में, भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए युवती की रिपोर्ट पर थाना तुमला में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) (एम) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया, पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने नेचुरोपैथी भवन निर्माण के लिए दी ढाई करोड़ की सौगात



**जशपुरनगर।** कुनकुरी नगर की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नेचुरोपैथी भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 62 लाख रुपए की मंजूरी प्रदान की है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। भवन तैयार हो जाने के बाद कुनकुरी नगरवासियों को प्राकृतिक चिकित्सा की अत्याधुनिक सुविधा अपने ही नगर में उपलब्ध होगी।यह भवन न सिर्फ लोगों को आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की ओर प्रोत्साहित करेगा, बल्कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को उपचार के लिए बड़ी राहत भी देगा। अब बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर दराज जाने की आवश्यकता नहीं होगी।नगरवासियों ने इस दूरदर्शी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति गहरा आभार जताते हुए कहा कि यह सुविधा स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई दिशा और नई उम्मीद लेकर आएगी।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाई को छूता जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई सौगातें मिल चुकी है, मेडिकल कॉलेज के लिए बड़ा कदम 359 करोड़ की वित्त विभाग से सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है, 220 विस्तर अस्पताल के लिए 32 करोड़ की मंजूरी, नर्सिंग महाविद्यालय भवन के 8 करोड़ की मंजूरी, फिजियोथेरेपी महाविद्यालय के 14 करोड़ की मंजूरी,कल्याण आश्रम अत्याधुनिक चिकित्सालय भवन के लिए 35 करोड़ की मंजूरी,ग़निाबहर में मातृत्व शिशु चिकित्सालय भवन निर्माण के 8 करोड़ की मंजूरी सहित कई सौगातें जिले वासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए वरदान साबित होंगी।

# रौनियार समाज के तीसरी बार अध्यक्ष बने जितेन्द्र

**पत्थलगांव।** रौनियार समाज पत्थलगांव वर्ष 2026, 2027 दो वर्ष के लिए रविवार की हुई बैठक में जितेन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष छोटेलाल गुप्ता, प्रमोद गुप्ता को कोषाध्यक्ष, कुंदन गुप्ता को सचिव, मीडिया प्रभारी मनोहर गुप्ता और सह सचिव रोहित गुप्ता को बनाया गया रौनियार समाज की नई कार्यकारिणी जनवरी 2026 से प्रभावशील होगा जनवरी के प्रथम बैठक में नए पदाधिकारीयो को शपथ दिलाई जाएगी।

जितेन्द्र गुप्ता ने अध्यक्ष बनने पर रौनियार समाज के सभी सदस्यों का आभार माना जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आप सभी के द्वारा एक बार फिर से मुझे अध्यक्ष चुना है। विश्वास जताया है। आप सभी के द्वारा दिये गए जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से पूरा करने की कोशिस करूंगा समाज हित मे समाज के लिए काम करता रहूंगा आप सभी ने फिर से बड़ी जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। उसे पूरा करने लगातार कोशिश किया जाएगा। छोटेलाल गुप्ता ने उपाध्यक्ष बनने पर समाज से कहा कि आप सभी ने मुझे पहली बार बड़ा जिम्मेदारी दिया है उसे पुरीबतरः निभाने समाज हित मे आगे रहकर कार्य करूंगा। प्रमोद गुप्ता ने कोषाध्यक्ष बनने पर कहा रौनियार समाज ने फिर से मुझपर विश्वास जताते हुए मुझे कोषाध्यक्ष बनाया है आप सभी से मिले जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाने कोशिस करूंगा। कुन्दन गुप्ता ने सचिव बनने पर समाज का आभार मानते हुए कहा कि रौनियार समाज ने मुझे लगातार चौथी बार सचिव बनाया है। आप सभी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। आपके द्वारा दिये जिम्मेदारी को अवश्य पूरा करने सतत प्रयास करता रहूंगा। मेरा हमेशा कोशिश रहा है। की रौनियार समाज पत्थलगांव का नाम बना रहे। पत्थलगांव रौनियार समाज के मुखिया अरुण गुप्ता ने सभी नवनियुक्त रौनियार समाज के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी समाज के हित मे काम करे समाज का नाम आगे बढाने में अपना योगदान दे।



## छात्राओं को कानूनी अधिकार, हेल्पलाइन व सुरक्षा उपायों की दी गई जानकारी

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले में 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक चल रहे लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संकल्प स्कूल जशपुर में ''बेटी बचाओदृबेटी पढ़ाओ'' योजना के तहत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं को लिंग आधारित हिंसा के बढ़ते स्वरूप, घरेलू हिंसा, साइबर प्रताड़ना, स्टॉकिंग, मानसिक उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा एवं विद्यालय व सामाजिक परिवेश में घटित होने वाली संवेदनशील घटनाओं के उदाहरणों के माध्यम से जागरूक करने से हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे ऐसी घटनाओं को पहचानें, किस तरह तुरंत सहायता प्राप्त करें और कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। छात्राओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन शिकायत पंजीकरण प्रक्रिया का प्रदर्शन कर विस्तार से समझाया गया। इसमें थाना, महिला डेस्क, सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर शिकायत पोर्टल के उपयोग से लेकर ई - एफआईआर, नागरिक सुविधा पोर्टल, तथा महिला सुरक्षा ऐप जैसी सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी, सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर, सहयोगी कर्मचारी, शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को न केवल जानकारी देना, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग, आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने हिंसा के प्रकार, कारण, पहचान के संकेत और उसके निराकरण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को बताया कि हिंसा की किसी भी स्थिति में महिला को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने हेतु वन स्टॉप सेंटर किस प्रकार कानूनी सहायता, चिकित्सीय सुविधा, काउंसलिंग एवं सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराता है। साथ ही पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून, साइबर सुरक्षा नियम, तथा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के प्रावधानों को भी सरल भाषा में समझाया गया। प्रतिभागियों को प्रिंटेड सूचना सामग्री व हेल्पलाइन विवरण भी वितरित किए गए, ताकि वे अपने परिवार व समुदाय में इन जानकारियों का प्रसार कर सकें। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विशेषज्ञों ने उन्हें स्व-सम्मान, कानूनी अधिकारों और सुरक्षित वातावरण के महत्व पर प्रेरित किया।

### अवैध रेत लोड करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**अम्बिकापुर।** वाड्रफनगर तहसील अंतर्गत ग्राम जमाई स्थित लोढ़ी नदी से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने के मामले में अधिकारियों ने तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर अधिकारियों की संयुक्त टीम ग्राम जमाई पहुंची थी। इस दौरान नदी से रेत उत्खनन कर श्रमिकों द्वारा तीन ट्रैक्टर में रेत लोड किया जा रहा था। अधिकारियों ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने के मामले में तीनो ट्रैक्टर जब्त कर बसंतपुर पुलिस के सुपुर्द किया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।




# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।

# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

***नई दिल्ली।*** *रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप

### एएसपी हरीश यादव को मिली पदोन्नति



**बिलाईगढ़।** सक्ती जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एसपी रैंक में पदोन्नत किए जाने पर यादव समाज में खुशी का माहौल देखने को मिला। 28 नवम्बर को गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में 13 वें क्रमांक पर शामिल करते हुए श्री यादव को पदोन्नत किया गया है। जैसे ही उनके एसपी पद पर पदोन्नति की सूचना सक्ती जिले में पहुंची। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व्यापारिक संस्था और नगर संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं और नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया। एडिशनल एसपी के रूप में सक्ती जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। श्री यादव अपनी कुशल पुलिसिंग, संयमित व्यवहार, संवेदनशील कार्यशैली और जनता से जुड़ाव के लिए जाने जाते रहे हैं उनके नेतृत्व में जिले में पुलिस जनता संबंध मजबूत हुए द्यशिकायतों को त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया और कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने प्रशासनिक कुशलता का परिचय दिया। इन्हीं गुणों के कारण सक्ती जिले के लोगों ने उनके प्रमोशन को अपनी उपलब्धि जैसा महसूस किया।

पदोन्नति की जानकारियां मिलते ही नगर के सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने मिठाइयां बांटकर, पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। लोग बड़ी संख्या में उनसे मिलने पहुंचे और बधाईयों का ताता लगा रहा।

### ढाई हजार कर्मचारियों को नहीं मिला दिवाली बोनस

**पुसौर।** बेयर हाउस में कलेक्टर दर पर काम कर रहे करीब ढाई हजार कर्मचारियों को बीते दिवाली में मिलने वाला 7 हजार बोनस राशि अब तक नहीं मिली है। 6 महीने में नियमित वेतन में हो रहे वृद्धि पर भी रोक लगा दी गई है। जानकारी के मुताविक शासन द्वारा बेयर हाउस के तहत प्रदेश के कई जिलो, कस्बों व ग्रामों में गोदाम निर्माण किया गया है जिसमें मुख्यतः नागरिक आपूर्ति निगम तथा एफसीआई के खाद्यान्नों का भंडारण होता है। इन गोदामों में कार्यरत कर्मचारी ज्यादातर कलेक्टर दर पर हैं जिन्हें प्रतिमाह वेतन वृद्धि के आधार पर 13 से 16 हजार रुपए तक ही मिलते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सर्वर डाउन और ...

यहाँ व्यवस्थाएं किस कदर चरमरा गई हैं। किसान सुबह से ही अपना काम छोड़कर टोकन कटाने की आस में लाइन में लग रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें मायूसी हाथ लग रही है।

### छह पिकअप पकड़े...

पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद क्रमशः 6 पिकअप वाहन मौके पर पहुंचे, जिन्हें चारों तरफ से घेरकर रोका गया। धान खरीदी सीजन शुरू होने के बाद से अब तक जशपुर पुलिस 4 ट्रक और 16 पिकअप वाहनों से कुल 1084 क्विंटल अवैध धान पकड़कर जिला प्रशासन को सौंप चुकी है। पुलिस लगातार सरहदी इलाकों पर विशेष नजर बनाए हुए है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अवैध धान की आमद किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। झारखंड से धान लाकर जशपुर में खपाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे समय रहते रोक दिया गया। ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### कांसाबेल क्षेत्र में ...

धान को जप्त किया। उक्त धान को भी नियमों के अनुसार सहकारी समिति चेटबा के सुपुर्द किया गया। तीसरी और सबसे बड़ी कार्रवाई में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम चेटबा में ही कृषक लकेश्वर साय के घर पर दबिश दी, जहां से लगभग 1000 बोरी (400 क्विंटल) अवैध धान बरामद किया गया। मौके पर धान की गिनती कर पंचनामा तैयार किया गया तथा संपूर्ण धान को सहकारी समिति चेटबा को सुपुर्द कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पारदर्शिता एवं किसान हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी अभियान चला रहा है। धान का अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए राजस्व, खाद्य, पुलिस, सहकारिता और मार्कफेड विभाग की संयुक्त टीमें मैदानी स्तर पर सघन निरीक्षण कर रही हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की हानि न हो तथा उपार्जन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

---

## रबी क्षेत्र विस्तार एवं दलहन-तिलहन उत्पादकता बढ़ाने कृषि विभाग करेगा जागरूक

# जिले की सभी समितियों में लगेगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कृषकों को रबी फसल की आधुनिक तकनीक से अवगत कराने तथा मत्स्यपालन, पशुपालन सहित अन्य कृषि-संबद्ध व्यवसायों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक समिति में विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इन शिविरों में जिले के ऐसे उत्कृष्ट एवं प्रगतिशील कृषकों को प्रशिक्षक के रूप में जोड़ा गया है, जो आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर खेती में अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं। ये प्रशिक्षक कृषक अपने अनुभव, कठिनाइयों, तथा विभागीय योजनाओं से प्राप्त लाभों को अन्य कृषकों के साथ साझा करेंगे, जिससे अधिक से अधिक किसान आधुनिक खेती अपनाकर लाभान्वित हो सकें। साथ ही कृषि एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदान प्राप्ति की प्रक्रिया, तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के मार्गदर्शन की जानकारी प्रदान करेंगे। इन शिविरों में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक भी शामिल रहेंगे, जो आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार कर किसानों को उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।



### दलहन-तिलहन को समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की सुविधा

जशपुर जिले में कुल 09 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों का पंजीयन किया गया है, जहां दलहन-तिलहन फसलें उगाने वाले कृषक अपनी उड़द, मूंग एवं मूंगफली को बाजार मूल्य कम होने की स्थिति में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते हैं। कृषकों के हित में प्रशासन ने अपील की है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन अवश्य कराएँ। पंजीयन कराने में किसी भी प्रकार की सहायता हेतु संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

### किसान बढ़ा सकते हैं अपनी आय

शिविर के दौरान जिले के प्रत्येक विकासखंड के कृषक उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिन कृषकों ने अभी तक किसी कृषक उत्पादक संगठन की सदस्यता नहीं ली है, वे शिविर में उपस्थित प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सदस्यता हेतु आवेदन कर सकते हैं। कृषक उत्पादक संगठन से जुड़कर किसान न केवल आधुनिक कृषि तकनीक, समूह विपणन और सामूहिक क्रय-बिक्री का लाभ उठा सकते हैं, बल्कि अपनी आय दोगुनी करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकते हैं।

---




# विद्यार्थी विज्ञान मंथन का राज्य स्तरीय कैंप 4 जनवरी को

**जशपुरनगर।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन जो कि भारत की सबसे बड़ी डिजिटल बेस्ड विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है के तीसरे चरण में राज्यस्तरीय कैंप के लिए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर के 4 छात्रों का चयन किया गया है। पूरे भारत के साथ साथ अरब देशों में भी आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान को लेकर उत्सुकता उत्पन्न करना और भारत के वैज्ञानिकों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित करना हैं।

**पहली बार भाग लेंगे सरगुजा संभाग के विद्यार्थी**

इस परीक्षा के प्रथम दो चरण ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किए गए इस परीक्षा में पूरे प्रदेश के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया था जिसमें सरगुजा संभाग के विद्यार्थी भी शामिल थे। जशपुर जिले के छात्रों ने विशेष उत्साह दिखाते हुए प्रदेश में सबसे अधिक रजिस्ट्रेशन का रिकॉर्ड कायम किया था। तथा स्टेट लेवल कैंप के लिए भी सात छात्रों ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है।विशेष बात यह है कि एक कक्षा से मात्र 25 छात्रों का चयन ही प्रदेश स्तर पर होता है। ये सभी चयनित विद्यार्थी शासकीय विद्यालयों से है जिन्होंने प्रदेश के बड़े व नामी प्रायवेट स्कूलों के छात्रों से प्रतिस्पर्धा करते हुए अपना स्थान बनाया है इस संदर्भ में जिला प्रशासन ने भी यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की मंशा अनुरूप जिले में वैज्ञानिक सोच का विस्तार विद्यार्थियों के बीच करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु अथक प्रयास किए जिसका परिणाम इस रूप में दृष्टिगोचर हो रहा है। जशपुर के कलेक्टर रोहित व्यास ने भी छात्रों के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु विशेष अभियान चला कर हर संभव सहयोग प्रदान किया था। उसके पश्चात द्वितीय एवं तृतीय चरण में भी बड़ी संख्या में क्वालीफाई करते हुए राज्य स्तर पर 7 छात्रों ने स्थान बनाया है। इस परीक्षा का अगला चरण स्टेट लेवल कैंप आगामी 4 जनवरी को बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी विज्ञान मंथन सरगुजा संभाग के कॉर्डिनेटर विवेक पाठक ने भी संभाग के सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं तथा स्टेट के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर भी चयनित होने की आशा व्यक्त की है। इसी तारतम्य में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर में 8 दिसंबर को एक कार्यक्रम आयोजित कर सभी सफल विद्यार्थियों सान्निध्य गुप्ता( कक्षा 9) आरिन एक्का( कक्षा 11) गगन रजवाड़े ( कक्षा 11) तथा वंदित पैकरा ( कक्षा ) का सम्मान एवं उत्साह वर्धन प्राचार्य राजेश प्रसाद तथा अन्य शिक्षकों द्वारा किया गया।

---

# निवेदिता छात्रावास में लगा व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की महिला मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा निवेदिता छात्रावास में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को व्यकित्व निर्माण के सूत्र, आदर्श दिनचर्या, सफलता के सूत्र एवं नशा मुक्ति के बारे में बताया गया।

इस अवसर तूलिका पाठक ने बच्चों से सफलता के सूत्र के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि हम एक दीपक बनकर खड़े हो जाए तो वह अंधकार फिर वहां दिखाई नहीं देता यदि कहीं असफलता है तो वह एक अंधकार के रूप मे है और जब हम अपने अंदर ज्ञान का अपने पुरुषार्थ से दीपक जला लेते हैं अंधकार रुप मे असफलता प्रकाश रूपी सफलता की ओर चलने लगती है। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण के लिए बच्चों को अपने जीवन में साधना, स्वाध्याय, संयम एवं सेवा को अपनाने की बात कही। इसके पश्चात निद्रावती चौहान ने बच्चों को स्वस्थ दिनचर्या के लिए प्रातः जागरण, ऊषा पान, योग आसान के बारे में बताते हुए ध्यान सिखाया। इस दौरान श्वेता दुबे ने छात्राओं को परिष्कृत व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र बताए जिसमें स्वयं को साधना के द्वारा उस परमपिता परमेश्वर से खुद को जोड़ कर ऊर्जावान बनने और प्रखर व्यक्तित्व का निर्माण करने की प्रेरणा दी एवं ऐसा व्यक्तित्व बनाने की बात कही जैसे जब व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित न होने पर भी लोगों को प्रभावित करने की क्षमता होती हो। कार्यक्रम में किरण सिंह ने बच्चों को बताया कि इंटरनेट के बढ़ते महत्व के साथ रोजमर्रा की जिंदगी में अधिक से अधिक लोग हर दिन विभिन्न ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच रहे हैं वर्ल्ड वाइड वेब जानकारी पूर्ण सुविधाजनक संसाधन पूर्ण और मनोरंजन है लेकिन यह एक व्यसन का रूप भी ले सकता है इसलिए हमें इसका उपयोग बुद्धिमतापूर्ण तरीके से एवं शारीरिक रूप से यह हमे नुकसान देह न हो इसलिए सीमित समय तक ही करना चाहिए।



---

# होली क्रॉस स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

होली क्रॉस अंग्रेजी माध्यम स्कूल घोलेंग में शनिवार को वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों ने पाठ्य पुस्तकों से परे जीवन कौशल एवं आधुनिक शिक्षा के महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्गेश्वरी सिंह थीं।

अतिथि विशिष्ट के रूप में अलमा मिंज एवं विद्यालय की प्रतिष्ठित प्राचार्या सिस्टर नूतन एक्का उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के बैंड समूह द्वारा किया गया तथा तिलक व बुकै प्रस्तुत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। जिसके पश्चाता अनावरण किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिकाओं ने दर्शकों का मन जीत लिया। विद्यालय की प्राचार्य नूतन एक्का ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। अतिथियों ने विभिन्न वर्गों एवं हाउसों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्रों ने सामाजिक सरोकारों पर आधारित नाट्य-प्रस्तुतियां देकर सभी को भावुक कर दिया। राष्ट्रीय गान के साथ समारोह संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन को सीखने और संवारने का नाम है।






---

# अब जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में होगा सर्वाइकल कैंसर का इलाज

**कटेली।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का सिलसिला निरंतर जारी है। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन एवं सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के कुशल निर्देशन में जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के अभियान के तहत एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है।

जिला अस्पताल सारंगढ़-बिलाईगढ़ में एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के तहत गर्भाशय मुख कैंसर के संभावित / लक्षणयुक्त मरीजों के व्हीआईए, व्हीआईएलआई टेस्ट के संबंध मे समस्त चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स, काउंसलर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों को सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल द्वारा 6 दिसंबर को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस विशेष प्रशिक्षण मे सर्वाइकल कैंसर के लक्षण जैसे असामान्य योनि रक्तस्त्राव, योनि स्त्राव मे बदलाव, पेट और पीठ के निचले हिस्से मे लगातार दर्द, पानी जैसा या खून मिल हुआ सफेद या बदबूदार स्त्राव तथा अन्य लक्षणों मे भूख की कमी, वजन घटना इत्यादि लक्षणों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात व्हीआईए, व्हीआईएलआई टेस्ट के संबंध प्रक्रियाओ की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। व्हीआईए धनात्मक पाए जाने पर उक्त मरीज को थर्मो एबल्सन मशीन के माध्यम से इलाज भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रारंभ करने के पूर्व एवं प्रशिक्षण के पश्चात व्हीआईए, व्हीआईएलआई टेस्ट के संबंध प्रतिभागियों के पूर्व जानकारी को परखने के लिए एक 15 प्रश्नों का टेस्ट आयोजित किया गया, जिसमे सभी प्रतिभागियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। अब इन प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अनुभवी टीम के साथ सर्वाइकल कैंसर का उपचार और इलाज सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के नेतृत्व मे जिला अस्पताल सारंगढ़ मे प्रदान किया जावेगा। इस सुविधा से अब ग्रामीण अंचलों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को इलाज हेतु दूर नहीं जाना पड़ेगा, इससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी तथा उपचार की सुविधा से होने वाली जनहानी को काम करने मे मदद मिलेगी।




---

# जिले में विकासखण्डवार होगा आयुष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिले में विकासखण्डवार निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक संचालित रहेंगे।

शिविरों में सामान्य रक्त परीक्षण सहित अन्य आयुष स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी। इस संबंध में जिला आयुष अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखण्ड जशपुर में 11 दिसंबर को बाजार डांड़ पोरतेंगा में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह कुनकुरी के बाजार डांड़ रायकेरा में 13 दिसंबर को, फरसाबहार के बाजार डाड़ लावाकेरा में 15 दिसंबर को, बगीचा के बाजार डांड़ भितघरा में 16 दिसंबर को, दुलदुला के बाजार डांड़ पतराटोली में 17 दिसंबर को, मनोरा के बाजार डांड़ मनोरा में 19 दिसंबर को, पत्थलगांव के बाजार डांड़ फुलेता में 20 दिसंबर को और कांसाबेल के बाजार डांड़ शब्दमुंडा में 22 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।



**शिविर 11 से 22 दिसंबर तक तक होगा संचालित**

---

# रायकेरा ग्राम पंचायत में ग्राम संपर्क एवं जागरूकता अभियान

**जशपुरनगर।** यूनिसेफ एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षित पारा–सुरक्षित लइकमन 3.0 के अंतर्गत रायकेरा ग्राम पंचायत में ग्राम संपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरुजी महाविद्यालय, बगीचा के प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने किया तथा समूचे कार्यक्रम की निगरानी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव रंजन तिग्गा द्वारा की गई। अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकालकर, डोर-टू-डोर संपर्क कर तथा वॉल पेंटिंग के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया। रैली का संचालन प्रवीण मिंज एवं गीतांजलि शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए जागरूकता संदेशों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा नशामुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जानकारी देना था। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों ने मिलकर शिक्षित समाज, स्वस्थ समाज और नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता के कारण यह अभियान सफल एवं प्रभावशाली सिद्ध हुआ।




---

## ऑपरेशन शंखनाद: जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 13 मवेशी तस्करों के चंगुल से मुक्त, दो आरोपी गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ-तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन शंखनाद"के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सिटी कोतवाली जशपुर और थाना लोदाम क्षेत्र से दो अलग-अलग मामलों में कुल 13 नग गौ वंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया, जबकि दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं, लोदाम क्षेत्र से जुड़े मामले में आरोपी तस्कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।





6 दिसंबर की रात करीब 10 बजे सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुनकुरी की ओर से एक पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 01- जे -2635 में गौवंश भरकर झारखंड ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए बालाछापर लकड़ी डिपो के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की।कुछ ही देर में संदिग्ध पिकअप को रोककर जब तलाशी ली गई, तो उसमें तीन गौवंश रस्सी से बांधकर ठूंसे हुए हालत में पाए गए। पूछताछ में वाहन सवारों ने अपना नाम समीम उर्फ छेदन उम्र 56 वर्ष, निवासी हुसैन नगर, लोहरदगा और राजकुमार यादव उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम कुरूमगढ़, जिला गुमला, झारखंड बताया। दोनों गौवंशों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया। सभी मवेशियों का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया।

आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(क), (घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### लोदाम क्षेत्र में 10 गौवंश बरामद, तस्कर फरार

इसी तरह 7 दिसंबर की सुबह करीब 4.30 बजे थाना लोदाम पुलिस को सूचना मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक जेएच-10- जेइस- 8773 में भारी मात्रा में गौवंश भरकर जामटोली मार्ग से झारखंड ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही लोदाम पुलिस ने जामटोली में नाकाबंदी की। संदिग्ध वाहन के पहुंचते ही पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। तलाशी लेने पर वाहन से 10 नग गौवंश अमानवीय तरीके से रस्सी में जकड़े हुए मिले। सभी को सुरक्षित मुक्त कर पशु चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। इस मामले में भी छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 व 10 के तहत अपराध दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

### दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि, जशपुर पुलिस द्वारा दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 13 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, जबकि एक फरार आरोपी की तलाश जारी है। गौ तस्करी के विरुद्ध ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

